भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3014
उत्तर देने की तारीख 20 मार्च, 2023
सोमवार, 29 फाल्गुन, 1944 (शक)

एआई में कौशल विकास कार्यशाला

3014. श्री गुरजीत सिंह औजला: श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर:
श्री गौरव गोगोई:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या युवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में कौशल अंतर को पाटने के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्योरा क्या है और विगत पांच वर्षों के दौरान एआई में कितना व्यय हुआ और इसमें कितने युवा प्रशिक्षित हुए; और

(ग) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त परन्तु अभी भी बेरोजगार, 33 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने हेतु क्या ठोस रणनीति है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) और (ख) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में कौशल अंतर को कम करने के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशाला आयोजित नहीं की है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित उभरती प्रौद्योगिकियों में निपुण होने के लिए आईटी-पेशेवरों के पुन: कौशलीकरण और कौशल उन्नयन के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के साथ भागीदारी में आईटी-आईटीईएस क्षेत्र कौशल परिषद ने फ्यूचरस्किल्स प्राइम (एफएसपी) प्लेटफॉर्म आरंभ किया है। कोई शिक्षार्थी सभी भावी कौशलों, आभासी प्रयोगशालाओं, आकलन होने और फ्यूचरस्किल्स प्राइम प्लेटफॉर्म पर प्रमाणित होने संबंधी सामग्री का शुल्क के साथ और नि:शुल्क निर्बाध रूप से उपयोग कर सकता है। आईटी-आईटीईएस एसएससी अपने फ्यूचरस्किल्स प्राइम प्लेटफॉर्म पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित 32 पाठ्यक्रम प्रदान करता है। वर्तमान में, लगभग 13 लाख उम्मीदवारों/शिक्षार्थियों ने एफएसपी पर हस्ताक्षर किए हैं और 5.2 लाख उम्मीदवारों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन किया है।

(ग) मंत्रालय ने प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत रोजगार मेलों और शिक्षुता मेलों सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से अल्पावधि प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन की सुविधा प्रदान की थी।

****